हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 जनवरी 2024
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

11 जिले के 212 ग्राम पंचायतों में पहुंची भारत संकल्प..



12 यात्रा के माध्यम से भाजपा का प्रचार...



## खबर संक्षेप

### दहेज प्रताड़ना के मामले में दो खिलाफ रिपोर्ट

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना अंतर्गत दहेज प्रताड़ना का मामला सामने आया है। प्रार्थिया शीलू चंद्राकर पति आदित्य चंद्राकर (30 साल) ग्राम गांजर निवासी ने रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि उसके ससुराल वाले उसे दहेज कम लाई है, तू गरीब घर की हैं कहकर लगातार प्रताड़ित करते हुए मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देते हैं। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने मामले में आदित्य चंद्राकर पिता धनवंतरि, सुमित्रा चंद्राकर पति धनवंतरि के खिलाफ धारा 498 ए, 294, 323, 506, 34 भादवि अपराध कायम कर जांच में लिया है।

### महिला से मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली थाना अंतर्गत एक महिला से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। प्रार्थिया आशा श्रेष्ठा पति कृष्णा निवासी वार्ड 1 वीरेंद्र नगर ने पुलिस को बताया कि आरोपी शंकर श्रेष्ठा पिता कृष्णा ने उसके साथ घर के आंगन में मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### शराब जब्त

**महासमुंद।** दो महिलाओं के पास से बसना पुलिस ने शराब जब्त किया है। पहले मामले में पुलिस ने भूमिसुता यादव पति राजेश यादव (42 साल) निवासी खेमड़ा के घर के पीछे से 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त किया। वहीं रुकजी पांडे पति मनबोध पांडे (34 साल) निवासी गोडमर्रा के घर के आंगन से 3000 एमएल महुआ शराब को जब्त किया है। दोनों मामलों में धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# महतारी वंदन योजना की गाईडलाइन तक नहीं और लोग उमड़े खाता खुलवाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बैंकों में इन दिनों खाता खुलवाने के लिए पहुंच रहे लोगों में अधिकतर महिलाएं ही हैं। ऐसा इसलिए कि महिलाएं महतारी वंदन योजना का पैसा इन खातों में चाह रही हैं। हालांकि, सरकार द्वारा अब तक इसके लिए कोई स्पष्ट गाइडलाइन जारी नहीं हुई है लेकिन, महिलाओं की मानें तो जन-धन योजना के तहत पूर्व में खुलवाए गए खाते कई कारणों से अपडेट नही हैं वहीं पुराने खातों को भी अपडेट कराए जाने के साथ नए खाते खुलवाने महिलाओं में होड़ है। उल्लेखनीय है कि भाजपा सरकार ने चुनावी वादे के तहत महतारी वंदन योजना के अंतर्गत महिलाओं को एक हजार रुपए प्रतिमाह देने का वादा किया है। अब पहले ही बैंक खाता सहित अन्य दस्तावेज की तैयारी महिलाओं ने शुरू कर दी है। शहर से लेकर गांवों तक इन दिनों महतारी वंदन योजना के अंतर्गत महिलाओं को सालाना मिलने वाली 12000 की राशि की चर्चा जोरों से चल रही है। लेकिन, अभी तक इसके लिए गाइडलाइन जारी नहीं किया गया है। लेकिन, इसके नियम व शर्तो को लेकर चर्चाओं का बाजार जरूर गर्म है। इस योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रुपए पाने की चाह हर महिलाओं में देखा जा रहा है। इसलिए, जिन महिलाओं के नाम पर अब तक बैंक खाता नहीं खुल पाया है, वे खाता खुलवाने बैंकों तक पहुंच रहे हैं। ताकि, फार्म भरते समय सभी दस्तावेज तैयार रहें। बैंक अफसरों की मानें तो इन दिनों नया खाता खुलवाने वालों में 80 फीसदी महिलाएं हैं। वहीं, जिन महिलाओं का पहले से ही खाता मौजूद हैं और किसी कारण से सीज कर दिया गया है, वे केवाईसी जमा कर अपडेट करवा रहे हैं।

## खाता खुलवाने बैंकों में लग रही कतार में नजर आ रही अधिकतर महिलाएं

### विवाह प्रमाण पत्र के लिए दिए जा रहे आवेदन

घोषणानुरूप महतारी वंदन योजना के तहत विवाहित महिला को ही निश्चित राशि दी जाएगी। चूंकि, वर्ष 2005 के बाद शादी करने वाले दंपत्ति के लिए विवाह प्रमाण पत्र अनिवार्य कर दिया गया है। इसलिए, ऐसे दंपत्ति जिन्होंने अब तक विवाह प्रमाण पत्र नहीं बनवाया है, वे नगरपालिका सहित विभिन्न माध्यमों से विवाह प्रमाण पत्र के लिए आवेदन देने पहुंच रहे हैं।



### खाता खुलवाने ज्यादा पहुंच रही महिलाएं

बैंक के एक अफसर ने बताया कि जिले में जनधन के तहत हजारों खाता खोले गए हैं। जिनका पूर्व में खाता खुल गया है, उन्हें खाता खुलवाने की जरूरत नहीं है। इसके बावजूद कई महिलाएं खाता खुलवाने पहुंच रही हैं। कई महिलाएं यह जानने पहुंच रही हैं कि उनका खाता बंद तो नहीं हो गया है। समझाइश के बाद भी नहीं मानने पर खाता खोला जा रहा है।

## धान खरीदी : बेच चुके किसानों को दुबारा मौका, एक बार वाले अब भी इंतजार में

# टोकन की मनमानी: 42 हजार किसान अब तक एक बार भी नहीं बेच पाए धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए काटे जा रहे टोकन में भर्राशाही देखने को मिल रहा है। जो किसान पहले ही धान बेच चुके हैं, उन्हें और टोकन जारी कर दिया जा रहा है और जो अब तक एक बार भी धान नहीं बेच पाएं हैं, उन्हें टोकन कटवाने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। इसमें ज्यादातर समितियों में कंप्यूटर ऑपरेटरों की मनमानी सामने आ रही है, जिसके चलते छोटे किसान भी अब तक धान नहीं बेच पाएं हैं। जबकि, बड़े किसानों को बार-बार मौका दिया जा रहा है।

बता दें कि सरकारी दर पर धान खरीदी सुचारू रूप से करने के लिए टोकन पद्धति लागू किया गया है। यानी कि धान बेचने की तारीख के लिए किसानों को पहले टोकन लेना होगा। इसके बाद वे नियत तिथि को समितियों में लाकर धान बेच पाएंगे। एक नवंबर से सरकारी दर पर खरीदी शुरू होने के बाद से जिले के एक लाख 16 हजार किसानों से 67 लाख क्विंटल धान की खरीदी अब तक हो पाई है और 42 हजार किसान एक बार भी अपनी उपज बेच नहीं पाएं हैं। जबकि, प्रत्येक किसानों को धान बेचने के लिए चार मौका दिया जाना है। इसके बावजूद किसानों की इतनी बड़ी तदाद में धान बेचने से वंचित होने का कारण मनमाने तरीके से टोकन जारी किया जाना बताया जा रहा है। कई किसानों की शिकायत है कि वे जब भी टोकन कटवाने जा रहे हैं, उन्हें अगले हफ्ते तक टोकन फुल होने की जानकारी दी जा रही है। जबकि, 60 फीसदी टोकन ही ऑनलाइन काटे जाने का प्रावधान है और बाकी मेन्यूअल जारी किया जाना है। जिसके चलते छोटे किसान भी अब तक धान बेचने से वंचित हैं और कम्प्यूटर ऑपरेटर से सांठगांठ करने वाले बड़े किसान कई बार धान बेच चुके हैं।



### एक बार भी नहीं बेच पाए

नाम न छापने की शर्त पर बम्हनी के एक किसान ने बताया कि टोकन के लिए उसने दो दिसंबर को आवेदन दिया है। लेकिन, अब तक उन्हें धान बेचने का मौका नहीं मिल पाया। हर बार यहीं बताया जाता है कि आने वाले दिनों के लिए टोकन फुल हो चुका है। इसी प्रकार परसदा के एक किसान ने बताया कि वह छोटे किसान हैं। इसके बावजूद उन्हें एक बार भी धान बेचने का मौका नहीं मिल पाया है।

### आज से बढ़ जाएगी खरीदी लिमिट

जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी जीएन साहू ने बताया कि जिले के केंद्रों में रोजाना धान खरीदी की लिमिट आज मंगलवार से बढ़ाया जा रहा है। पूर्व में जहां जिले में खरीदी की लिमिट दो से सवा दो लाख क्विंटल रहा, उसे तीन लाख क्विंटल तक बढ़ाया जा रहा है, जिससे धान बेचने से वंचित किसानों को जल्दी-जल्दी टोकन जारी किए जा सकेंगे। वहीं, धान खरीदी की रफ्तार भी बढ़ जाएगी।



### शराब की अवैध बिक्री दो पर की कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब बिक्री के दो मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पहले मामले में पुलिस ने भीमा महानंद पिता सूरदास महानंद (20 वर्ष) निवासी वार्ड नं 9 छिपियापारा थाना व जिला महासमुंद के पास से 48 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 3840 रुपए को जब्त किया है। वहीं दूसरे मामले में आरोपी हिमांशु पिता राजेश साहू (19 साल) निवासी वार्ड नं 11 दलदली रोड नयापारा महासमुंद के पास से 10 नग देशी मसाला शराब व 24 नग देशी प्लेन पौवा कुल कीमत 2820 रुपए के साथ स्कूटी को जब्त किया गया।





### धर्मेंद्र सिंह के स्थान पर राजेश कुकरेजा ने संभाला पदभार

**महासमुंद।** जिले के पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह छवई के स्थान पर नए पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव व अन्य राजपत्रित अधिकारियों से परिचय उपरांत के बाद राजेश कुकरेजा द्वारा एसपी कार्यालय कार्यालय में सभी स्टाफ से मुलाक़ात की। हालांकि हरिभूमि से बातचीत के दौरान एसपी राजेश कुकरेजा ने बताया कि वे एसपी धर्मेंद्र सिंह के ट्रेनिंग में जाने के चलते फिलहाल यहां अस्थाई तौर पर भेजे गए हैं। गौरतलब है कि राजेश कुकरेजा पूर्व में भी महासमुंद में वर्ष 2013 से 2016 तक तक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की भूमिका निभा चुके हैं।

## स्वीकृति के बाद भी माइनर नहर का सुधार नहीं, सिचिंत नहीं हो रहे खेत

**महासमुंद।** स्वीकृति मिलने के बाद भी ग्राम बेमचा के घोठिया खार में माईनर नहर की मरम्मत नहीं किए की शिकायत लेकर किसान कलेक्टर जनदर्शन पहुंचे। किसानों ने समय से पूर्व नहर में सुधार करने की मांग की, जिससे आने वाले खरीफ सीजन के दौरान सिंचाई सुविधा पर्याप्त मिल सकें। सेवाराम, नारद, जीतलाल, झाडूराम, जीतेन्द्र कुमार, राधेश्याम चंद्राकर, रामचरण, आनंद ध्रुव ने कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि ग्राम बेमचा के घोठिया खार की करीब 800 एकड़ की सिंचाई बेलसोंडा खार के पास 30 वर्ष पूर्व बनाई गई बेमचा माईनर से होती है। माईनर की लम्बाई करीब 4 किमी है। उक्त माईनर में करीब एक किमी तक की नहर पर पिचिंग का कार्य हुआ है और आगे मोड़ से एक किमी तक की नहर का 3 वर्ष पूर्व लाईनिंग का कार्य हुआ है। बाकी 2 किमी तक रखरखाव के अभाव में जीर्ण-शीर्ण हो गया है, जिससे टेल एरिया तक पानी नहीं पहुंच पाता। वहीं, माईनर के गेट का फाटक विगत 4 वर्षों से टूटकर गिर गया है। गेट अवरुद्ध हो जाने के कारण माईनर पर पानी झरन से नहीं के बतौर जाता है, जिसे सुधार करना बहुत ही जरूरी है। किसानों ने बताया कि नहर लाईनिंग सुधार के लिए पूर्व में 6 लाख की स्वीकृति मिली थी। लेकिन, विभागीय लापरवाही के कारण बरसात के पूर्व सुधार कार्य शुरू किया गया, जिससे कार्य अधूरा पड़ा हुआ है।



**पाठक सूचना**

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969



### बाइक चालक के पास से 10 लाख का गांजा जब्त

**महासमुंद।** बाइक के जरिए गांजा की तस्करी कर रहे आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। आरोपी के पास से 10 लाख रुपए का 20 किलो गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि 7 जनवरी को मुखबिर द्वारा थाना बसना पुलिस को सूचना मिली थी कि ओडिशा के पदमपुर की ओर से बसना तरफ एक काले रंग बिना नंबर यामाहा एफजेड एस मोटर सायकल में गांजा ले जाया जा रहा है। इसके बाद पुलिस ने सिटी ग्राउंड के पास बसना में कुछ समय बाद एक काले रंग बिना नंबर यामाहा मोटर सायकल को रोका। बाइक के पीछे सीट में एक सफेद प्लास्टिक बोरी था। पूछताछ में आरोपी ने बोरी में गांजा होना बताया। वहीं आरोपी ने अपना नाम नंदलाल राठौर पिता रामप्रसाद राठौर (19 साल) निवासी वार्ड नंबर 01 सामतपुर चचाई रोड पटौरा टोला थाना अनुपपुर जिला अनुपपुर (मप्र) बताया। उसके कब्जे से गांजा 20 किलो 100 ग्राम, कीमत 10,00,000 रुपए, बाइक कीमत 50,000 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध/धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के कार्रवाई की गई।



## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ का कैलेंडर बीएमओ ने किया विमोचन

**सरायपाली**। ग्राम पंचायत सिरपुर के आश्रित ग्राम कनपला में बीएमओ डॉ एचएल जांगड़े, सरपंच दीपा पटेल की मौजूदगी में स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ का वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के बीईटीओ टीआर धृतलहरे, एमआई संकीर्तन बुड़ेक, स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ सरायपाली के ब्लाक अध्यक्ष डोलामणी भोई, सचिव विनय कुमार बारीक, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक संदीप साहू, सुशीला विभार, रुपेश साहू, यशपाल पटेल, मायावती चौहान उपस्थित रहे।

### गांडा समाज का चिंतन शिविर गिरौदपुरी में आयोजित

**सरायपाली**। सर्व गांड़ा समाज महासमुंद का एक दिवसीय चिंतन शिविर बैठक बलौदाबाजार जिले के गिरौदपुरी में आहूत की जा रही है। बैठक में जिला संरक्षक केएल नंद, जिलाध्यक्ष केआर मुकर्जी सहित सभी जिला पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। कार्यकर्ता भागीरथी सोनवानी, शत्रुघ्न चौहान, टीकम सोनवानी आदि तैयारी में जुटे हुए हैं। उक्त जानकारी जिला सचिव बंशी तांडी ने दी है।

### नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, दो गिरफ्तार

**रायपुर**। टिकरापारा थाना क्षेत्र में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने के आरोप में पुलिस ने दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। मंत्रालय तथा अन्य विभागों में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने के आरोप में बोरियाखुर्द निवासी प्रशांत सोनी तथा कोतवाली निवासी उत्तम नेताम को गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों के अलावा एक अन्य आरोपी पिंकी कौर के खिलाफ सात लोगों ने नौकरी लगाने के नाम पर 12 लाख रुपए ठगी करने की थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

### एग्रीमेंट का पैसा मांगने पर महिला के साथ मारपीट

**रायपुर**। डीडीनगर थाने में एक महिला ने एक परिवार के तीन लोगों के खिलाफ एग्रीमेंट के पैसे वापस मांगने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। डगनिया में किराए का मकान लेकर रह रही शिवानी शर्मा ने सौरभ दुबे की मां, उसकी बहन तथा पत्नी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। शिवानी ने पुलिस को बताया कि मकान किराए पर लेने के लिए एग्रीमेंट करने के दौरान 80 हजार रुपए दिए थे। मकान खाली करने के समय पैसे वापस मांगने पर उसके साथ इन लोगों ने मारपीट की।

**आयोजनः** कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों का किया गया सम्मान

# पुरुष मेघ खेल मंडल कस्तूरबोड व महिला वर्ग से पेंड्रानगर की कबड्डी टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



मेघ खेल अखिल भारतीय महिला एवं पुरुष प्रो. कबड्डी प्रतियोगिता का शानदार समापन जैन मंदिर खेल ग्राउंड में हुआ। दर्शकों के भींड़ से परिसर खचाखच भरा रहा। खेल प्रेमी समापन समारोह के फाइनल मैच देखने पहुँचे। समापन समारोह महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रशांत टोनु अग्रवाल, प्रेम साहू, नरेश चंद्राकर, जगदीश भाई पुजारा उपस्थित रहे।

समस्त अतिथियों के आगमन पर आयोजन समिति के सदस्य गाजे बाजे व फटाकों के साथ स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा भारत माता के तैल चित्र पर पूजन आरती दीप प्रज्ज्वलन किया गया। आयोजन समिति के संयोजक डेमन राज पनुरिया, अध्यक्ष भोजनाथ देवांगन द्वारा मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि सांसद चुन्नीलाल साहू ने अपने उद्बोधन में आयोजन समिति के 37 वें शानदार आयोजन पर कार्यकर्ताओं को उनके समर्पण भाव और ऊर्जा के लिए भूरि-भूरि प्रशंसा किए। खिलाड़ियों को जीत हार की भावना से हटकर खिलाड़ी भावना से अनुशासित हो कार्य करने की बात कही। खेल हमारे व्यक्तित्व का विकास करता है, जीवन जीने की कला खेल से सीखा जा सकता है। महिला कबड्डी खिलाड़ी श्यामा पनुरिया, नंद कुमारी ध्रुव, सुमरित पटेल को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने व क्षेत्र के नाम को गौरवांवित करने के लिए सम्मान दिया गया। इसी तरह नवनीत कौर को तीरंदाजी के क्षेत्र में नेशनल खेलने के लिए सम्मानित किया गया।

समापन पर प्रतियोगिता में लगभग 10 राज्यों की टीम ने शिरकत की। जिसमें सेमीफाइनल में हाथिसरा, महासमुंद, हरियाणा, कस्तूरबोड, ठकुरीपाली, जबलपुर, प्रगति रायपुर, करपीहा, जमशेदपुर, पेंड्रावन, दिल्ली, इंदौर,मराठा, सीधी मध्य प्रदेश, रैताल, पेंड्रा नगर, झांसी जबलपुर, जीपीएम, रीवा मध्य प्रदेश की टीम रहीं। पुरुष वर्ग से विजेता मेघ खेल मंडल कस्तूरबोड (भोपाल ), उपविजेता आदर्श स्टार क्लब दिल्ली, महासमुंद जिला, स्टार एकेडमी जबलपुर रहे। वहीं महिला वर्ग से विजेता पेंड्रा नगर, उपविजेता इंदौर वंडर्स इंदौर, रीवा मध्य प्रदेश, सीधी मध्यप्रदेश रहीं। साथ ही पुरुष वर्ग से बेस्ट डिफेंडर राम ककोडिया भोपाल, बेस्ट रेडर दीपक मलिक, ऑलराउंडर कुशल अय्यर व बेस्ट केचर अरबीर सिंह दिल्ली रहे। महिला वर्ग से बेस्ट रेडर कंचन इंदौर, बेस्ट केचर शशि कला पेंड्रा, बेस्ट डिफेंडर करिश्मा इंदौर, आलराउंडर अनामिका पेंड्रा रहीं। इस तरह मेघ खेल का यह गौरवशाली भव्य आयोजन सफलतापूर्वक हुआ। आयोजन को सफलता प्रदान करने वाले समस्त सहयोगी अतिथियों, संयोजक डेमन राज पनुरिया, अध्यक्ष भोजनाथ कल्लू देवांगन व सचिव देवेश साहू द्वारा संयुक्त रूप से आभार व्यक्त किया गया।

## न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी आवासीय परिसर का हुआ भूमिपूजन




**महासमुंद**। छग उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा, न्यायाधीश रजनी दुबे एवं पोर्टफोलियो न्यायाधीश सिविल जिला महासमुंद के मार्गदर्शन में 8 जनवरी सोमवार को ग्राम मचेवा में जिला एवं सत्र न्यायाधीश भीष्म प्रसाद पांडेय के करकमलों से जिला न्यायालय महासमुंद में पदस्थ न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के आवासीय परिसर निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम हुआ। उक्त आवासीय परिसर में न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 15 करोड़ की लागत से 88 आवासों का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। भूमिपूजन के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भीष्म प्रसाद पांडेय, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश लीलाधर सारथी, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार पांडेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चित्रलेखा सोनवानी, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-दो राहुल सराफ, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-दो योगिता जांगड़े, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-दो खुशबू जैन, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अनिल शर्मा सहित राजस्व विभाग के अधिकारी, अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## डॉ पाणिग्राही को मिला महात्मा गांधी गौरव सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

प्रभु श्रीराम के पवित्र जन्मस्थान अयोध्या के राम कथा पार्क में एनजीआईपी फाउंडेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण महाकुंभ एवं अयोध्या कला एवं संस्कृति का 5 दिवसीय आयोजन किया गया। पद्मश्री डॉ विजय शाह के मुख्य आतिथ्य में एवं नीरज गुप्ता एनजीआईपी के फाउंडर एवं सीईओ की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ। इसमें भारत, अमेरिका, कंबोडिया, कनाडा, थाईलैंड आदि देशों से आए पर्यावरण विदों एवं विद्वानों के बीच पर्यावरण एवं धरती को बचाने के साथ ही कला संस्कृति आदि पर गहन मंथन हुआ। अयोध्या के राजकीय तुलसी उद्यान, रामकथा पार्क, राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय एवं अन्य स्थानों में रुद्राक्ष, चंदन, अशोक, पीपल, नीम आदि प्रजाति के पौधे रोपित किए गए। इस पर्यावरण महाकुंभ में देश विदेश से आए 70 लोगों को अलग अलग क्षेत्रों में सम्मानित किया गया। इस कड़ी पर्यावरण संरक्षण एवं समाज सेवा के क्षेत्र में पद्मश्री डॉ विजय शाह सांगली महाराष्ट्र, डॉ केतन कुलकर्णी कनाडा एवं डॉ विश्वनाथ पणिग्राही बागबाहरा छत्तीसगढ़ को महात्मा गांधी गौरव सम्मान प्रदान किया गया। डॉ पाणिग्राही ने एनजीआईपी एवं डॉ नीरज गुप्ता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अपरिहार्य कारणों से पहुंच नहीं पाया, किंतु, प्रभु श्रीराम के पावन धाम अयोध्या




## कनकेवा में विधायक ने किया गणतंत्र यात्रा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शुरू की गई गणतंत्र यात्रा का सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने ग्राम कनकेवा में शुभारंभ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम स्कूल से रैली निकाल कर गांव का भ्रमण करते हुए चौक पहुंची, जहां विधायक की उपस्थिति में कांग्रेस कमेटी के ब्लाक अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल ने ध्वजारोहण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के विचार को जन जन तक पहुंचाने के लिए हम गणतंत्र यात्रा निकाल रहे है। इस यात्रा के माध्यम से बापू के विचारधारा को आम जन तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर सरपंच क्षीर बाई पटेल, प्रधान पाठक केजुराम पटेल, कांग्रेस नेता महेंद्र वैष्णव, दूधनाथ साहू, श्रवण पटेल, हेतराम पटेल, अरमान हुसैन समेत कांग्रेस कार्यकर्ता, स्कूली बच्चे, शिक्षक-शिक्षिकाएं और ग्रामवासी उपस्थित रहे। बता दें कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विधायक चातुरी नंद ने अनूठी पहल करते हुए 8 से 26 जनवरी तक गणतंत्र यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। विधायक की इस नवाचार पहल की सभी ओर प्रशंसा हो रही है। क्षेत्र के ग्राम लाखनपाली में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल, लुकापारा, बरिहापाली सरायपाली शहर कांग्रेस अध्यक्ष नारायण आदित्य के नेतृत्व में यात्रा निकाली गई।

## संपूर्ण विकास का आधार विकसित भारत संकल्प यात्राः पवन

**महासमुंद**। 8 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा महासमुंद विधानसभा के ग्राम बकमा पहुंची। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल के साथ सरपंच विनोद चंद्राकर, भाजपा नेता नीलम दीवान, मुन्ना साहू, उपसरपंच रोहित दीवान की उपस्थिति में शिविर प्रारंभ हुआ। विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों की जानकारी देते मुख्य अतिथि पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं और क्षेत्र के विकास की कल्पना को साकार करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की अभिनव पहल की गई है। पटेल ने यात्रा के कार्यक्रमों को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामवासियों के मूलभूत सेवा सुविधा की समस्याओं के निराकरण के लिए इस यात्रा में सभी प्रमुख सक्षम अधिकारी कर्मचारी मौजूद है। साथ ही स्टालों के माध्यम से सरकार की योजनाओं की पूरी जानकारी हम सभी यहां से प्राप्त कर सकते है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र में मोदी और प्रदेश में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में डबल इंजन वाली भाजपा की सरकार है। जिससे प्रदेश में विकास को नई गति मिलेगी। भाजपा की प्रदेश सरकार ने 18 लाख प्रधानमंत्री आवास निर्माण की तत्काल स्वीकृति प्रदान की है। किसानों की धान खरीदी और बोनस वितरण कर सरकार ने अपनी कथनी और करनी में अंतर नही होने की मंशा जाहिर कर दी है। साथ ही भाजपा की सरकार की सभी घोषणाओं को अमल में शीघ्र लाए जाने की तैयारी प्रारम्भ हो चुकी है। भाजपा नेता नीलम दीवान, मुन्ना साहू ने भी विकसित भारत संकल्प यात्रा को विकास की दिशा में मिल का पथ्थर साबित होने की बात कहते हुए कहा कि आप सभी की जागरूकता से इस आयोजन की सार्थकता सिद्ध होगी। ग्रामीणों तक सरकार की जनहित की योजनाएं पहुंचे और उन्हें योजनाओं का लाभ प्राप्त हो तभी सरकार की योजना सफल होगी। नागरिकों की सेवा सुविधा के कार्यो में कोई समस्या हो तो उसका निराकरण इस शिविर में होगा। सरपंच विनोद चंद्राकर ने भी ऐसे शिविर को ग्राम विकास और योजनाओं की संपूर्ण जानकारी के लिए महत्वपूर्ण बताया और गांव बकमा में शिविर आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। उपस्थित अतिथियों ने शिविर स्थल में लगाए गए स्टाल का अवलोकन करते हुए योजनाओ से सम्बंधित जानकारी लेते हुए ग्रामीणजनों के समस्याओं के निराकरण में सहयोग प्रदान करने आवश्यक दिशानिर्देश दिया।



## पुलिस व सैन्य सेवा की तैयारी कर रहे युवाओं ने की विधायक से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य में होने वाले पुलिस भर्ती एवं केंद्रीय बलो की भर्ती के लिए युवाओं को निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण देने के लिए राज्य पुलिस व सैन्य सेवा के लिए तैयारी कर रहे युवाओं ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से मुलाकात की। युवाओं ने विधायक को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि वे लगातार 4 वर्षों से पुलिस व अन्य सैन्य विभाग के लिए तैयारी कर रहे है, लेकिन उचित मार्गदर्शन व प्रशिक्षण नहीं मिल पाने के कारण हर बार कुछ अंकों से विफल हो हो रहे है। विधायक सिन्हा ने युवाओं को बताया कि वर्तमान में भाजपा सरकार द्वारा 5967 पदों पर छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती व एसएससी एवं आर्मी अग्निवीर के माध्यम से केंद्रीय बल के लिए 15000 से अधिक पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिसके लिए विधायक सिन्हा ने सभी युवाओं को अपनी शुभकामनाएं दी है और आश्वस्त किया है कि उन्हें बेहतर व निःशुल्क प्रशिक्षण महासमुंद विधानसभा के तीन स्थान महासमुंद, तुमगांव, झलप या पटेवा में से एक स्थान में मिलेगा। जिसके लिए उन्होंने तत्काल प्रशिक्षण एवं देखरेख के लिए एक टीम का गठन किया जाएगा। मुलाकात के दौरान टिकेश्वर साहू,मनोज डडसेना, घनाराम साहू, जागेश्वर साहू, राहुल चंद्राकर, दुर्गेश साहू, योगेश सोनवानी, आदित्य साहू, मोनू ठाकुर, चांद ठाकुर आदि मौजूद रहे।



## अंगना म शिक्षा के सफल क्रियान्वयन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ

**महासमुंद**। अंगना म शिक्षा के सफल क्रियान्वयन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी आदर्श विद्यालय महासमुंद के सभागार में किया गया। जिसमें विकासखंड स्तर के प्रत्येक संकुल से एक सक्रिय महिला शिक्षक तथा संकुल समन्वयक उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएमसी समग्र शिक्षा महासमुंद कमल नारायण चंद्राकर, एपीसी संपा बोस, विशेष अतिथि एफएलएन प्रभारी प्रियंका पटेल एवम बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम में चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि अंगना म शिक्षा कार्यक्रम में महासमुंद जिला ने अपनी विशेष पहचान बनाई है, यहां स्वप्रेरित शिक्षिकाओं द्वारा अधिक से अधिक स्मार्ट माता को जोड़ा गया। ताकि, वे घर पर बच्चों के साथ गतिविधि कर बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहयोगी हो। बीआरसी सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों का संपूर्ण विकास करना है वह भी माताओं के द्वारा। घर पर ही पारिवारिक वातावरण में आनंदमय माहौल में हो। प्रशिक्षण पर अंगना म शिक्षा के अब तक के सफर को विस्तार से बताया गया कि किस प्रकार से यह कार्यक्रम स्वप्रेरित महिला शिक्षिकाओं द्वारा शून्य निवेश पर शुरुआत किया गया और इसमें माताओं को जोड़कर उनकी क्षमता वृद्धि कर उनकी सहभागिता प्राप्त किया गया। तृतीय चरण तक स्मार्ट माता का चयन कर उनका गठन कर उन्हे टेलीग्राम से जोड़ना। ताकि वे गतिविधियों को आदान प्रदान कर सकें। चतुर्थ चरण में जनवरी से मार्च माह तक बच्चो के माताओं के साथ गतिविधि कराई जानी है। जिसमें प्रत्येक माह एक एक गणित व भाषा की गतिविधि खेल खेल के माध्यम से होगी। जिसमें अक्षरों को जोड़कर शब्द निर्माण, जोड़ने घटाने की सांक्रिया, सम विषम की पहचान, करना बताया जायेगा। कार्यक्रम में सिर्फ कक्षा पहली व दूसरी के बच्चे व उनकी माताएं भाग लेंगी। 25 अप्रैल को पढ़ाई तिहार मनाया जाएगा। जिसमें मेला का आयोजन कर नौ काउंटर बनाया जायेगा और इसमें आंगनबाड़ी, बालवाड़ी के बच्चों और माताओं को शामिल किया जाएगा। ताकि, वे बच्चे आने वाले सत्र में शाला प्रवेश के पूर्व की जानकारी प्राप्त कर सकें। प्रशिक्षण में प्रथम फाउंडेशन के प्रभारी निर्झर बैरागी एवम कोमल साहू ने भी एफएलएन पर विस्तृत जानकारी दी। प्राथमिक शाला के एक महिला शिक्षक प्रशिक्षण लेंगी। ताकि, आने वाले माह में की जाने वाली गतिविधियों का आयोजन सफलता पूर्वक किया जा सके। प्रशिक्षण में स्मार्ट माता नम्रता नामदेव, बालिका समृद्धि नामदेव के साथ जिला नोडल भारती सोनी एवम खेमिंन साहू द्वारा गतिविधि कराकर बताया गया। प्रशिक्षण में प्रथम फाउंडेशन के प्रभारी निर्झर बैरागी एवम कोमल साहू ने भी एफएलएन पर विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र की शुरुआत गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद के वरिष्ठ परिजन बोधराम साहू के द्वारा सत्संकल्प पाठ कराया गया। मनहरण लाल साहू के द्वारा विद्यालय के बच्चों में संस्कार किस प्रकार लाया जाए, विद्यालयों में बाल संस्कार शाला का संचालन करने पर विचार अभिव्यक्ति दी गई। बच्चों को गर्भ से ही संस्कार मिलना शुरू हो जाता है। मां जिस प्रकार से आहार और विचार करती है बच्चा गर्भ से ही उसे सीख कर आता है बच्चे अपने बड़ों का अनुसरण करते जाते हैं घर के वातावरण का भी प्रभाव बच्चों में पड़ता है। शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी के शिक्षक सिराज बक्श द्वारा बाल केंद्रित शिक्षा पर अपने विचार एवं अपने शाला में किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई। डाइट व्याख्याता का किरण कन्नौजे द्वारा प्राथमिक शाला में शिक्षण पद्धति एवं गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।

# रामलला के दर्शन करने छत्तीसगढ़ को मिली स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अयोध्या में रामलला के दर्शन करने रेलवे ने देशभर में एक हजार से अधिक ट्रेनों की घोषणा की है, जिसमें एक ट्रेन छत्तीसगढ़ को भी मिली है। यह ट्रेन यात्रियों को अयोध्या लेकर जाएगी।

रायपुर से सीधे अयोध्या के लिए फिलहाल कोई सीधी ट्रेन की सुविधा नहीं है। मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल होने कई लोगों ने कनेक्टिंग ट्रेन का टिकट लिया है। वहीं रायपुर से उत्तरप्रदेश जाने वाली बसों को भी पैक बताया जा रहा है। ऐसे में छत्तीसगढ़ को मिली स्पेशल ट्रेन से रामलला का दर्शन करना आसान हो जाएगा। यह ट्रेन 4 फरवरी को दुर्ग से चलेगी। स्पेशल होने से यात्रियों को सामान्य एक्सप्रेस से अधिक किराया देना पड़ सकता है। यह ट्रेन रायपुर से होते हुए गुजरेगी। जानकारी के मुताबिक इस ट्रेन से सभी श्रद्धालुओं को लेकर विश्व हिंदू परिषद अयोध्या जाएगी। अयोध्या जाने वालों में साधु-संतों के साथ विहिप कार्यकर्ताओं सहित 2000 श्रद्धालु शामिल हैं।



- अयोध्या के लिए 4 फरवरी को दुर्ग से चलेगी ट्रेन, यात्रियों का रिजर्वेशन करने नोडल अधिकारी नियुक्त
- हर जिले से जाएंगी सात टोलियां

*रेलवे को यात्रियों की सौपेंगे सूची : स्पेशल ट्रेन में रिजर्वेशन के लिए रेलवे ने नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिया है। विहिप के पदाधिकारी रेलवे को यात्रियों की सूची व राशि सौपेंगे, जिनका रिजर्वेशन संबंधित अधिकारी करेंगे। जल्द ही विहिप के पदाधिकारी रेल अफसरों के साथ बैठक कर इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करेंगे। 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली प्राण-प्रतिष्ठा के लिए हजारों श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है।*


### हर जिले में सात से आठ टोलियां

विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रदेश मंत्री घनश्याम चौधरी ने बताया कि हर जिले में सात से आठ टोलियां हैं। उन्हें अपने-अपने जिलों में सक्रिय सदस्यों के नाम, आईडी प्रूफ और किराया शुल्क लेने की जिम्मेदारी दी गई है। अयोध्या में भगवान राम की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा के दिन राजधानी सहित प्रदेश के सभी मंदिरों में 21 जनवरी से उत्सव शुरू हो जाएगा। वीआईपी रोड स्थितत राममंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।



### साइबर फ्राड जागरूकता अभियान जारी

**महासमुंद**। पुलिस कप्तान राजेश कुकरेजा के दिशानिर्देश में स्कूल, कालजों में लगातार साइबर अपराध एवं बालक बालिकाओं महिला संबंधी विषयों पर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरेपुन्जे एवं उप पुलिस अधीक्षक(मुख्यालय) सारिका वैद्य के मार्गदर्शन में भलेसर शासकीय प्राथमिक शाला जिला महासमुंद में पुलिस विभाग की ओर से साइबर काइम जागरुकता अभियान कार्यक्रम किया गया। जिसमें महिला प्रधान आरक्षक सुचित्रा विदानी द्वारा छात्रों को गुड टच बेड टच फिटनेस स्वयं की सुरक्षा कैसे करें, इस संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। महिला आरक्षण अन्नू भोई एवं विशेष आरक्षक मनोज डड़सेना द्वारा शिक्षा के प्रति जागरुकता व नशा खोरी से नुकसान के बारे में बताया। अपराधिक घटना होने पर पुलिस को तत्काल सूचना देने की समझाइश दी गई। कार्यक्रम नूतन दुबे का सहयोग रहा।



### पालिका में हुआ महासमुंद विधायक का सम्मान

**महासमुंद**। विधानसभा महासमुंद के नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का नगर पालिका परिषद महासमुंद में जनप्रतिनिधियों के द्वारा सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, पूर्व अध्यक्ष नपा पवन पटेल, पूर्व उपाध्यक्ष नपा त्रिभुवन महिलंग, पार्षदगण मनीष शर्मा महेंद्र जैन, मीना वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि महेंद्र सिक्का, राजेंद्र चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### खट्टी में निकाली गई अक्षत कलश यात्रा

**महासमुंद।** ग्राम खट्टी में अयोध्या धाम राम मंदिर से आए हुए अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा को गांवों के प्रमुख गलियों में भ्रमण कराया गया। इसमें ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल रहे।

### मकर संक्रांति 15 को

**महासमुंद।** मकर संक्रांति का पर्व आगामी 15 जनवरी सोमवार को मनाया जाएगा। इसी तरह पौष पूर्णिमा (छेरछेरा पुन्नी) पर्व 25 जनवरी गुरुवार को मनाया जाएगा। उक्त जानकारी ग्राम खट्टी के सत्यनारायण मंदिर के पुजारी सुभाष शर्मा निवासी ने दी है।

### होटल व पान दुकान के सामने से बाइक पार

**महासमुंद।** सरायपाली के एक होटल के सामने खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस को उमेश पाणिग्रही पिता प्रहल्लाद (36 साल) निवासी उड़ियापारा सरायपाली ने बताया कि उसकी बाइक क्र सीजी-06 यूएफ 2653 कीमत 20000 रुपए खिरसागर होटल के सामने खड़ी थी, जिसे किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली।रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 अपराध कायम कायम किया है। इसी तरह सांकरा थाना क्षेत्र अंतर्गत वाहन चोरी का मामला सामना आया है, जिसमें पान दुकान के पास एक्टिवा को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। प्रार्थी गोपाल यादव पिता सादराम यादव (42 साल) ग्राम लोहरिनडोंगरी ने अपनी पान के दुकान के पास एक्टिवा क्र. सीजी 06 जीजेड 6408 कीमत 42000 रुपए की चोरी की रिपोर्ट लिखाई है।

**आयोजन : शिविर में 2 लाख 21 हजार ग्रामीण शामिल हुए, 54 हजार लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण**

# जिले के 212 ग्राम पंचायतों में पहुंची भारत संकल्प यात्रा, मौके पर ही मिल रहा योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विगत 16 दिसंबर से प्रारंभ हुए विकसित

- **उज्ज्वला योजना अंतर्गत 4 हजार 838 महिलाओं का नवीन पंजीयन**

भारत संकल्प यात्रा 7 जनवरी तक जिले के 212 ग्राम पंचायतों में पहुंच चुकी है। इन ग्राम पंचायतों में जागरूकता वैन एवं शिविर के माध्यम से केंद्र सरकार और राज्य सरकारी की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रभावी जानकारी दी जा रही है। साथ ही पात्र हितग्राहियों से मौके पर ही आवेदन लेकर योजना का लाभ दिया जा रहा है। शिविर में शामिल हुए लोगों ने विकसित भारत का संकल्प भी लिया। शिविरों में सांसद, विधायकगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हो रहे हैं।

इन शिविरों में अब तक 2 लाख 21 हजार 752 ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना



अंतर्गत 4838 नए महिला हितग्राहियों का पंजीयन किया गया है। शिविर में 6647 हितग्राहियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत अलग-अलग योजनाओं से लाभान्वित हुए योजनाओं के संबंध में अपने विचार रखे। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क जांच शिविर के माध्यम से 54 हजार 745 लोगों का प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाई दी गई।

वहीं 42 हजार 752 लोगों का टीबी जांच तथा 37 हजार 883 लोगों का सिकलसेल जांच किया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत 728 एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 458 लोगों का पंजीयन किया गया। शिविर के दौरान उल्लेखनीय कार्य के लिए 2605 महिलाओं को सम्मानित किया गया।

वहीं शैक्षणिक गतिविधियों में भागीदारी और उत्कृष्ट सफलता के लिए 7852 विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। शिविर के दौरान स्थानीय खिलाड़ियों और कलाकारों को भी सम्मानित किया गया।

### आज और कल 20-20 ग्रामों में पहुंचेगी यात्रा

विकसित भारत संकल्प यात्रा का सिलसिला जारी है। जिसके तहत 9 जनवरी को जनपद महासमुंद के ग्राम पंचायत लभराकला और सिंघी में सुबह 10 बजे से एवं कोसरंगी और सोरम में दोपहर 2 बजे से शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह जनपद बागबाहरा के ग्राम पंचायत बसुलाडबरी और खाड़ादरहा में सुबह 10 बजे से एवं टेढ़ीनारा और नरतोरी में दोपहर 2 बजे से, जनपद पिथौरा के ग्राम पंचायत नवागांवकला और सांकरा में प्रातः 10 बजे से, ग्राम पंचायत सोहागपुर और पिपरौद में दोपहर 2 बजे से, जनपद बसना के ग्राम पंचायत बिछिया और बिरसिंगपाली में 10 बजे से एवं कोटेनदरहा और दुर्गापाली में 2 बजे से तथा जनपद सरायपाली के ग्राम पंचायत बाराडोली और गिरसा में 10 बजे से एवं ग्राम पंचायत नवरंगपुर और दमोदरहा में दोपहर 2 बजे से शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 10 जनवरी को जनपद महासमुंद के ग्राम पंचायत पाली और रामखेड़ा में सुबह 10 बजे से एवं झारा और बंबूरडीह में दोपहर 2 बजे से, जनपद बागबाहरा के ग्राम पंचायत मोगरापाली रे और बोडरीदादर में सुबह 10 बजे से एवं डोंगरगांव और बाघामुड़ा में दोपहर 2 बजे से, जनपद पिथौरा के ग्राम पंचायत उतेकेल और माटीदरहा में सुबह 10 बजे से एवं सागुनढाप और बगारदरहा में दोपहर 2 बजे से, जनपद बसना के ग्राम पंचायत सागरपाली और लोहरीनडीपा में 10 बजे से एवं सूखापाली और रोहिना में दोपहर 2 बजे से तथा जनपद सरायपाली के ग्राम पंचायत तोषगांव और पझरापाली में सुबह 10 बजे से एवं लमकेनी और सराईपाली में दोपहर 2 बजे से शिविर का आयोजन होगा।

## किसानों की बोनस राशि को लेकर दिशा निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित मुख्यालय रायपुर से प्राप्त दिशा निर्देश के तहत धान उपार्जन वर्ष-2014-15 व 2015-16 में किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर बेचे गये दो वर्षों की धान बोनस की राशि लंबित व बकाया था। उक्त वर्ष में किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर बेचा गया धान की बोनस राशि प्रदाय करने शासन के दिशा निर्देश दिया गया। छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य कार्यपालन अधिकारी/ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर द्वारा समस्त बैंक को लिखे गए पत्र एवं अपेक्स बैंक मुख्यालय नवा रायपुर के पत्र के माध्यम से वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2015-16 के बकाया बोनस की राशि जिन कृषकों की खाता त्रुटिपूर्ण होने, खाता बंद हो जाने अथवा धान बेचने वाले कृषक की मृत्यु हो जाने की वजह से भुगतान नहीं हो पाया है, ऐसे कृषकों के खाते में सुधार एवं किसान की मृत्यु की दशा में उसके वैध उत्तराधिकारी को राशि भुगतान के लिए एसओपी जारी की गयी है, ऐसे प्राप्त आवेदन पत्रों में धान उपार्जन वर्ष-2014-15 एवं 2015-16 की धान खरीदी को समिति स्तर के पोर्टल से सत्यापित किया जाए। गौरतलब हो कि शासन के दिशा निर्देश के तहत बसना तहसीलदार नमिता मारकोले ने कहा है कि आवेदनकर्ता से प्राप्त आधार कार्ड एवं बैंक खाता क्रमांक सत्यापन करते हुए सभी दस्तावेज सीधे बसना तहसील अंतर्गत तहसीलदार को प्रेषित किया जाए। जारी की गई एसओपी में धान बेचने वाले कृषकों की मृत्यु की दशा में आवेदन सभी उल्लेखित दस्तावेजों के साथ सीधे तहसील कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए गए है। निर्देशों में आंशिक संशोधन करते हुए कहा गया है कि किसानों के मृत्यु वाले प्रकरणों में भी वैध वारिस से आवेदन पत्र के साथ संबंधित के बैंक खाते का साफ सुथरी छायाप्रति, मोबाइल नंबर सभी दस्तावेजों के साथ समिति स्तर पर प्राप्त किए जाएं। ऐसे प्रकरणों में वांछित परीक्षण एवं सत्यापन उपरांत तहसील बसना द्वारा तहसील लागिन से आवश्यक सुधार किया जाएगा। ऑनलाइन सुधार होने के पश्चात ही संबंधित खातेदार की खाता एनआईसी द्वारा पीएफएमएस द्वारा सत्यापित कराने के पश्चात भुगतान की फाइल संबंधित सहकारी बैंक को प्रेषित की जाएगी। बैंक को भुगतान फाइल प्राप्त होने पर बैंक द्वारा भुगतान तत्परतापूर्वक किया जाएगा। किसानों का खाता सुधार कराने एवं तहसीलदार को आवेदन प्रस्तुत करने में कोई कठिनाई न हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।

## पीएम के वर्चुअल संवाद से जुड़े महासमुंद विधायक सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सहयोगियों द्वारा कैबिनेट में गहन मंथन के पश्चात जन कल्याण के लिए योजनाएं तैयार की जाती है। केंद्र स्तर पर बनी योजनाएं कुशलता से जमीनी स्तर पर किस तरह क्रियान्वयित की जाती है इसकी समीक्षा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ निचले स्तर पर भी निर्बाध ढंग से पहुंच रहा है, यह जानकर उन्हें



काफी संतुष्टि मिली है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के निवासियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिलते हुए देखने पर संतुष्टि मिलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत छत्तीसगढ़ में आयोजित किए जा रहे शिविरों में योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में निवासरत लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने विभिन्न योजनाएं बनाई गई हैं। आम लोगों के विकास के लिए सरकार कटिबद्ध है। इस दौरान मोदी ने प्रधानमंत्री जनमन योजना का भी जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि उनकी सरकार को आदिवासी समाज के निचले स्तर पर जाकर काम करने का मौका मिला। जिला स्तर पर जिला कार्यालय के सीजी स्वान कक्ष में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, कलेक्टर प्रभात मलिक, सीईओ जिला पंचायत एस आलोक, अनुविभागीय अधिकारी उमेश साहू सहित संबंधित अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल संवाद में शामिल हुए।

## सम्मेलन में जुटे पेंशनर, मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पेंशनर्स एसोसिएशन छग प्रदेश तहसील शाखा महासमुंद द्वारा बेमचा स्थित गायत्री मंदिर परिसर में पेंशनर सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में रायपुर, कसडोल, धमतरी, सराईपाली, पिथौरा, बागबाहरा के प्रमुख प्रतिनिधि पदाधिकारी तथा महासमुंद के अनेक पेंशनरों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहे। विशिष्ट अतिथि विरेन्द्र नामदेव संयोजक छग राज्य संयुक्त पेंशनर फेडरेशन, शिवशंकर पटनायक प्रांतीय संरक्षक, गंगाप्रसाद साहू प्रंतीय संरक्षक, यशवंत देवान प्रांताध्यक्ष पेंशनर्स, विनोद शंकर साहू प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जीपी मिश्रा प्रांतीय संरक्षक राज्य कर्मचारी संघ, आरडी साहू जिला शाखा अध्यक्ष महासमुंद, विद्या देवी साहू जिलाध्यक्ष रायपुर, भैयाराम चंद्राकर बागबाहरा, आत्माराम साहू, प्रमोद तिवारी वरिष्ठ कर्मचारी नेता कसडोल, बीआर खुटे प्रांतीय संगठन सचिव, आरबी मिश्रा, राम प्रसाद दीवान संरक्षक महासमुंद मंचासीन रहे।

कार्यक्रम की अनौपचारिक शुरूआत वरिष्ठ कर्मचारी नेता प्रमोद तिवारी के उद्बोदन से हुआ। तिवारी ने सारगर्भित उदबोधन में पेंशनरों की समस्याओं की विभिन्न पहलुओं पर विस्तुत रूप से प्रकाश डालते हुए उनके अधिकारों से अवगत कराया। विद्या देवी साहू ने सभी पेंशनरों को एकजुट रहकर संगठन के प्रति निष्ठ रखने एवं निरंतर सक्रियता पर जोर दिया। मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने द्वारा मां गायत्री एवं सरस्वती माता की पूजा अर्चना किया। स्कूली छात्राओं द्वारा स्वागत गान तथा राजकीय गीत की शानदार प्रस्तुति दी गई। राम कुमार साहू तहसील अध्यक्ष, सचिव शिवकुमार साहू उपाध्यक्ष, चंद्रबदन मिश्रा कोषाध्यक्ष, विनोद जोशी संगठन सचिव, भूषणलाल भोसले, चमनलाल साहू, सचिव राधेश्याम दुबे, अश्वनी शर्मा-मीडिया प्रभारी, चंद्रकला साहू, आरसाहू, चंद्रकला गोस्वामी, नेहरू साहू,



विष्णु प्रसाद साहू, माधुरी मरावी, ज्ञानसिंग चंदेल, बोधन लाल साहू, सीएल साहू, जगदीश ध्रुव, संतुराम साहू तोपसिंह दीवान, देवनारायण सिंह बिसेन, लक्ष्मी साहू, एसडी मानिकपुरी, पुरूषोतम चंद्राकर, भगतराम साहू, डा जार्ज रावटे, व्हीएल चंद्राकर, चोवाराम साहू, रमेश गुप्ता रामानंद यादव, धरनीधर दीवान, शशिप्रभा थिटे, प्रभुलाल चौहान आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। उपरांत 75 से 80 वर्ष से अघिक आयु के पेंशनर क्रमशः संतराम साहू कार्यसहायक जल संसाधन विभाग, प्रताप सिंह वर्मा समयपाल जलसंसाधन विभाग, रतनलाल ध्रुव, वन विभाग विष्णु राम साहू शिक्षा विभाग, देवीसिंग साहू विद्युत विभाग, मोतीबाबू जल संसाधन विभाग, मोहन लाल बघेल वन विभाग तथा नए सदस्यों क्रमशः आरएस माली, बीसी कोष्टी आदि को शाल, श्रीफल एवं पुष्पहार से स्वागत मुख्य अतिथि एवं संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों के सहयोग से किया गया। सचिव शिवकुमार साहू ने सचिव प्रतिवेदन का पठन किया। तहसील अध्यक्ष रामकुमार साहू ने स्वागत भाषण एवं पेंशनरों के हित में प्रमुख मांगों की ओर विधायक का ध्यान आकृष्ट कराया तथा मांग पत्र सौंपा। इसमें प्रमुख रूप से धारा 49 की बाध्यता समाप्त करने की स्थानीय स्तर पर पेंशनर एसोसिएशन की गतिविधियों के संचालन के लिए भवन भूमि, दैनिक वेतन भोगी सेवा अवधि को पेंशन में गणना करने, 04 फीसदी मंहगाई भत्ता का भुगतान आदेश जारी करने का प्रमुख उल्लेख था। मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने पेंशनरों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा कर शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया तथा सभी पेंशनरों से आशीर्वाद मांग कर अपना उदबोधन समाप्त किया। परांत विधायक को छग पेंशनर्स एसो. तह. शाखा महासमुंद द्वारा सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह तथा शाल फल देकर सम्मानीत किया गया। तदुपरांत मंचस्थ अध्यक्ष आरडी साहू व वरिष्ठ अतिथि वीरेंद्र नामदेव ने शासन को पेंशनर हित में प्रेषित मांग पत्र का पठन किया। इसमें पेंशनरों से आयकर नहीं लिए जाने, पेंशनरों को रेलवे पास में छूट देने, पेशनरों को 65 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर पेंशन को 10000 रुपए प्रतिमाह चिकित्सा भत्ता देने की मांग शामिल है। सभा को यशवंत देवान प्रांताध्यक्ष, शिवशंकर पटनायक संरक्षक, विनोद शंकर साहू वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष, गंगाप्रसाद साहू पूर्व प्रांताध्यक्ष, आरडी साहू, जिला शाखा अध्यक्ष, रामकुमार साहू अध्यक्ष महासमुंद, बीआर चंद्राकर बागबाहरा, विद्यादेवी साहू ने भी संबोधित किया। अंत में आभार प्रदर्शन मीडिया प्रभारी अश्वनी शर्मा ने किया। संचालन रामकुमार साहू (शिक्षा विभाग) तथा शिवकुमार साहू ने किया। इस अवसर पर चंद्रबदन मिश्रा, चमनलाल साहू, बोधनलाल साहू, चोवाराम साहू, सीएल साहू, जगदीश ध्रुव, संतुराम साहू, भूषणलाल भोसले, सरजूदास मानिकपुरी, राधेश्याम दुबे, विनोद जोशी, ज्ञानसिंह चंदेल, अश्वनी शर्मा, पुरूषोतम शर्मा, केके शर्मा, दुलारराम ध्रुव, भगतराम साहू, विष्णुप्रसाद साहू, भागवत साहू, आरएस माली, अन्जलूस कुजूर, नेहरू साहू, सुजान यदु, सुभाषचंद सतपथी आदि मौजूद रहे।

## ब्राह्मण नवयुवक संघ का हुआ पुनर्गठन



**बसना।** रविवार को हरि लक्ष्मी विप्र भवन बसना में सर्व प्रथम वेदमाता गायत्री एवं भगवान परशुराम का पूजन पंडित जयकृष्ण मिश्रा द्वारा किया गया। तत्पश्चात वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर नवीन कार्यकारिणी के लिए अध्यक्ष हेमंत कुमार दास द्वारा प्रस्ताव लाया गया। सच्चिदानंद त्रिपाठी संरक्षक ब्राह्मण नवयुवक संघ द्वारा अध्यक्ष के लिए पुनः हेमंत कुमार दास का नाम प्रस्तावित किया गया, जिसका समर्थन किशोर चांद ने किया। अयोध्या प्रसाद मिश्रा ने शेष कार्यकारिणी को भी यथावत रखने का प्रस्ताव रखा, जिसका सर्व सम्मति से उपस्थित समस्त विप्र बंधुओं ने समर्थन किया। नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष हेमंत कुमार दास, उपाध्यक्ष फकीर दास एवं अरुण मिश्रा, सचिव ललित मिश्रा, सहसचिव नीरज कुमार दास एवं बसंत देवता, कोषाध्यक्ष छबिमन्यु षढ़ंगी, सलाहकार बलदेव मिश्रा, तरुण दास, संकर्षण मिश्रा, अयोध्या प्रसाद मिश्रा, वृंदावन सतपथी, रमेश कुमार कर, अशोक जोशी एवं विनोद बिहारी कर कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पं किशोर दास, संदीपनी होता, सुभाष देवता, गौतम सतपथी, उपेंद्र देवता, हेमसागर मिश्रा, सत्यनारायण ठाकुर, बैजनाथ पुरोहित, आनंद कुमार दास एवं आनंद विलास दास, संरक्षक सच्चिदानंद त्रिपाठी, अंतर्यामी पाढी, किशोर चांद एवं दिलीप मिश्रा प्रचार प्रसार प्रमुख बद्री प्रसाद पुरोहित, भगवान दास एवं अखिलेश कुमार कर, सेक्टर प्रभारी ललित मिश्रा, भूपेंद्र शर्मा, नरेश कुमार मिश्रा,चंदन मिश्रा, गुलाब सतपथी, नीरज दास, सुभाष देवता, रत्नेश मिश्रा, दिलीप दास एवं फकीर दास शामिल है।

बैठक में बलौदा में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक व्रतोपनयन संस्कार 2024 के लिए अधिक से अधिक पंजीयन कराने का निर्णय लिया गया। आंवलातली स्नेह सम्मेलन एवं वार्षिक आय व्यय की जानकारी कोषाध्यक्ष छबिमन्यु षढ़ंगी ने प्रस्तुत किया। ब्राह्मण नवयुवक संघ बसना के युवा प्रकोष्ठ एवं मातृ शक्ति प्रकोष्ठ का गठन करने का भी निर्णय लिया गया। आभार प्रदर्शन अध्यक्ष हेमंत कुमार दास ने किया।

## शिविर में मरीजों का निःशुल्क उपचार, दवाई भी बांटी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 17 मरीज का निःशुल्क उपचार किया गया। साथ ही दवाई वितरित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी कुदेशिया, डीपीएम नीलू घृतलहरे और नोडल अधिकारी डॉ छत्रपाल चंद्राकर के समन्वय से लगाए गए इस शिविर में



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा बीएमओ डॉ बीएस बढ़ाई, बीपीएम हेमकुमार सोनकर, टेकलाल का सहयोग रहा। इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में शिविर लगा। यहां 31 मरीजों का इलाज किया गया। साथ ही निःशुल्क दवाई बांटी गई। सभी मरीजों को नियमित दवाई लेने, समान्य व्यवहार करने, आपसी समन्वय स्थापित करें, तनाव प्रबंधन के लिए योगा, साधना, ध्यान, नियमित व्यायाम करने की सलाह दी गई। वहीं नशापान दूर रहने कहा गया। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना के बीएमओ डॉ जेपी प्रधान, बीपीएम ढोलचंद नायक, रामगोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता, मेघा ताम्रकार, गौतम यादव आदि मौजूद रहे।

### जनदर्शन में सुनी गई 20 आवेदकों की मांग एवं समस्याएं

**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर मनोज खांडे ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे प्रतिनिधि मंडल एवं आमजनों की समस्याओं एवं मांगों को बारी-बारी सुनी। जनदर्शन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, जाति प्रमाण सहित अन्य मांग एवं समस्याओं को लेकर 20 आवेदकों ने अपने आवेदन सौंपे। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर जनदर्शन में महासमुंद की छुलसा ध्रुव ने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत आवास दिलाने के लिए आवेदन सौंपा। ग्राम झालखम्हरिया के नरोत्तम ने स्थायी जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन दिया। इसी प्रकार पिथौरा विकासखंड के ग्राम बुंदेली के नेतराम अग्रवाल ने कृषि कार्य के लिए नलकूप के लिए विद्युत पोल की मांग की। बागबाहरा विकासखंड के ग्राम कन्हारपुरी के धनेशराम साहू ने भूमि स्वामी जमीन से कब्जा हटाने के लिए आवेदन किया। ग्राम लाटादादर के कोटवार बंशीलाल चौहान ने कोटवारी पद पर बालौदाबाजार से महासमुंद स्थानांतरण के लिए आवेदन सौंपा।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### झलप में मनाई गई माता राजिम की जयंती

**महासमुंद।** साहू समाज झलप परिक्षेत्र के ग्राम झलप साहू सदन भवन में माता राजिम जयंती मनाई गई। पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सभापति डुमन लाल साहू ने अपने वक्तव्य में माता की जीवनी को विस्तृत रूप से समाजजनों के बीच में बताया। अतिथि में भागीरथी मार्कंडेय, कौशल देवांगन, अतुल गुप्ता, राकेश साहू, बलदेव साहू, हेमंत साहू, जगत राम साहू, तुलसी राम साहू, चैतराम साहू, फगुवा साहू, नंद कुमार साहू, गणेश राम साहू, परस राम साहू, ओम प्रकाश साहू, दिनेश्वर साहू, जीतू साहू, अनिकेत साहू, हरिराम साहू, भुवन लाल साहू आदि मौजूद रहे।



### जूनियन बॉयस हैंडबाल चैंपियनशिप में खिलाड़ियों का चयन

**महासमुंद।** राजस्थान के करौली में 9 जनवरी से 13 जनवरी तक होने वाले 46वां जूनियर बॉयस हैंडबॉल चैंपियनशिप में महासमुंद के सीनियर खिलाड़ी अजय कुमार का चयन टीम के कोच एवं महासमुंद जिला हैंडबॉल संघ के तीन खिलाड़ी आदित्य चंद्राकर, उदय मंडल, सीबतैन रजा का चयन हुआ है। सभी खिलाड़ियों के चयन होने पर जिला हैंडबॉल संघ के खिलाड़ियों ने हर्ष जताया है।

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर भाषण स्पर्धा कल

**महासमुंद।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस एवं सप्ताह के उपलक्ष्य में 10 जनवरी को महर्षि विद्या मंदिर मचेवा में जिला स्तरीय भाषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिला युवा अधिकारी अर्पित कुमार तिवारी ने बताया है कि माय भारत-विकसित भारत @2047 विषय पर प्रतियोगिता होगी। जिसमें प्रतिभागियों की आयु 12 जनवरी 2024 को 15 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिए, वह जिले का निवासी होना चाहिए। भाषण की अवधि 7 मिनट रहेगी। भाषण का माध्यम हिंदी अथवा अंग्रेजी होगा। प्रथम विजेता को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम विजेता को 100000 रुपए, द्वितीय 50000 रुपए तथा तृतीय स्थान रहने वाले दो विजेता को 25-25 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।



### गोस्वामी समाज के कैलेंडर का विमोचन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद द्वारा समाज के कैलेंडर का विमोचन आमसभा में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रांतीय संरक्षक उमेश भारती ने जिला इकाई द्वारा किए जा रहे विभिन्न रचनात्मक कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्य ना सिर्फ महासमुंद जिले में बल्कि पूरे प्रांत में पहली बार हो रहा है। सभा को प्रांतीय अध्यक्ष अशोक गिरि, जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी, उपाध्यक्ष रामेंद्र प्रकाश गिरि, संगठन सचिव शंकर पुरी, वरिष्ठ सदस्य नारेंद्र प्रकाश गिरि ने भी संबोधित किया। बैठक में विभिन्न लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर गोस्वामी समाज के प्रत्येक घरों में उत्सव मनाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में जिला सचिव ओमप्रकाश पुरी, कोषाध्यक्ष डिगेंद्र गिरि, चुनेश्वर पुरी, धीरेंद्र गिरि, धनेंद्र गिरि आदि मौजूद रहे।

## राजनीति: विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर खल्लारी विधायक ने उठाए सवाल

# यात्रा के माध्यम से भाजपा का प्रचार, जनता की समस्याओं से नही कोई सरोकार: यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

**विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा-यात्रा का भाजपाइकरण हुआ, प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जा रहा**

खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने भाजपा की विकसित भारत संकल्प यात्रा पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से भाजपा अपनी पार्टी का प्रचार कर रही है और जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं रह गया है। लिहाजा यात्रा का मकसद कारगर नहीं दिखाई पड़ रहा है।

विधायक यादव ने कहा कि परिवार पहचान-पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड और पेंशन संबंधी समस्याएं भाजपा सरकार की ही देन हैं। इस यात्रा में गांव दर गांव सरकारी विभागों के अधिकारियों के काफिले पूरी मुस्तैदी से तैनात होते दिखाई देते हैं। किंतु, जनता जनार्दन खास संतुष्ट नहीं है। यात्रा के कारण अधिकारी-कर्मचारी कार्यालय में नहीं बैठ रहे हैं और लोगों के कार्य लटक रहे हैं। इसके माध्यम से भाजपा अपनी पार्टी का प्रचार कर रही है। देखने में आया है कि छोटी से छोटी समस्या के लिए भी जिला कार्यालय अथवा खंड स्तर के कार्यालय में संपर्क करने के लिए कह दिया जाता है। जब समस्याओं को लेकर जिला अथवा खंड स्तर के कार्यालयों में जाते हैं तो उन्हें वहां से इसी विकसित संकल्प भारत यात्रा का वास्ता देकर बैरंग लौटा दिया जाता है। ऐसे में भाजपा की इस यात्रा पर सवालिया निशान उठ रहा है।




**प्रोटोकाल का नहीं किया जा रहा पालन**

विधायक यादव ने कहा कि भाजपा की विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रोटोकाल का पालन नहीं किया जा रहा है। जबकि, भाजपा के छोटे से छोटे से कार्यकर्ताओं को तरजीह दी जा रही है। इससे ऐसा लगता है कि यह यात्रा सिर्फ भाजपाईकरण होकर रह गया है।

**यात्रा में खर्च को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं**

विधायक यादव ने भाजपा की विकसित भारत संकल्प यात्रा में की जा रही खर्च को लेकर भी सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां संकल्प यात्रा पहुंच रही है, वहां-वहां काफी तामझाम से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। लेकिन, इस कार्यक्रम में हो रही खर्च को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन को इस कार्यक्रम में हो रही खर्च को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किया जाना चाहिए।

## आकर्षण...



**पिथौरा।** गुलाबी ठंड के मौसम में सरसो व गेंदे के फूल मकर सक्रांति व बसंत ऋतु के आगमन का इजहार कर रहे हैं। ऐसे में एक ओर तितली, भंवरा, मधुमक्खी इन फूलों का रसपान करते दिखाई दे रहे हैं। तितलियां दिन के समय जब एक फूल से दूसरे फूल पर उड़ती है और मधुपान करती है तब इसके रंग-बिरंगे पंख बाहर दिखाई पड़ते हैं, जो आकर्षण का केंद्र बनते है।



### व्यापारी संघ झलप की हुई बैठक, पूर्व कार्यकारिणी यथावत

**महासमुंद।** व्यापारी संघ झलप की बैठक रविवार को राम मंदिर में हुई। जिसमें सर्व सहमति से पुरानी समिति यथावत रखने का निर्णय लिया गया है। 10-15 वर्षों से बुधवार को बंद होता आ रहा है, आगे भी ऐसा ही रहेगा। सभी व्यापारियों से सहयोग करने की अपील की गई है। अध्यक्ष वरियाम सिंह सलूजा ने बताया कि आगे व्यापारी हित में कुछ कदम उठाने के बारे में चर्चा की गई है और बुधवार को दुकान बंद नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई के कुछ नियम बनाए जाएंगे। बैठक में उपाध्यक्ष विजय पटेल, कोषाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, सचिव रिक्की चावला, यूनुस खान, संरक्षक सरपंच किशन कोसरिया, प्रीतपाल सलूजा, रिशु सलूजा, हरिकिशन अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए विकास के रास्ते खुले

**महासमुंद।** भारत सरकार के जनजाति कार्य मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जनमन) योजना से विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास के नए रास्ते खुलेंगे। अब उनके घर और बस्ती तक अधिकारियों की पहुंच से समस्याओं के समाधान सुलभ होगा। इस योजना के तहत भारत सरकार के लगभग 22 योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित होगा। सबको पक्का घर, हर घर में नल, घर तक बिजली, शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, आजीविका सहित अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ इन्हें मिलना सुनिश्चित होगा।

जिले के तीन विकासखंड महासमुंद, बागबाहरा और पिथौरा में कमार जनजाति निवासरत है। इनमें महासमुंद के 41 ग्रामों में 461 परिवार जिनकी कुल संख्या 1687 है, निवास करते है। इसी तरह बागबाहरा विकासखंड के 32 गांवों में 390 परिवार निवास करते है, जिनकी संख्या 1385 है। पिथौरा विकासखंड के दो ग्राम पंचायतों में 44 परिवार 168 सदस्यों के साथ निवासरत है। योजना के प्रचार-प्रसार के लिए हिन्दी सहित छत्तीसगढ़ी बोली में दीवार लेखन के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है, ऐसे 275 पारा-टोलों में दीवार लेखन किया गया है।



कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ एस आलोक के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री जनमन योजना द्वारा जिले के चिन्हांकित सभी विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने के लिए अभी तक जिले में 26 शिविरों का आयोजन किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा कार्ययोजना निर्धारित कर पीवीटीजी बसाहटों में शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। इन शिविरों में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित एवं पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर में अब तक विशेष पिछड़ी जनजाति के 2682 हितग्राही शामिल हुए। 26 शिविरों में 301 लोगों का आधार कार्ड, 602 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 72 किसानों का पंजीयन, 15 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी एवं प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत 168 लोगों का नया खाता खोला गया। वहीं पीएम मातृ वंदना योजना के अंतर्गत 10 महिलाओं का पंजीयन एवं 304 कमार परिवारों में राशन कार्ड वितरित किया गया। विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जा रही है। इसके अंतर्गत ऐसे समुदायों के बसाहटों में विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, आंगनबाड़ी के माध्यम से पोषण, आजीविका संवर्धन के लिए कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। शिविर में सेल्फी पॉइंट बनाया गया है, जहां लोग शिविर में अपनी उपस्थिति को यादगार बना रहे हैं। विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को शिविर तक लाने हेतु महिला कर्मचारियों, स्वसहायता समूह द्वारा सहयोग भी किया जा रहा है एवं शिविर की नियमित मॉनिटरिंग हेतु गठित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारियों की टीम द्वारा शिविर का निरीक्षण कर संबंधित विभागों की उपस्थिति सुनिश्चित की जा रही

# यादव समाज को एकता-अखंडता बरकरार रखने की जरुरत

## कसेकेरा में अखिल भारतीय वर्षीय यादव महासभा नववर्ष पारिवारिक मिलन समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

अखिल भारतीय वर्षीय यादव महासभा बागबाहरा के नेतृत्व में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन महादेवा धाम कसेकेरा में हुआ। नववर्ष पारिवारिक मिलन समारोह कार्यक्रम नारीशक्ति एवं बच्चों को केंद्र में रखकर आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में नारी शक्ति को समाज के सभी गतिविधियों मे अग्रणी रह कर समाज को सशक्त बनाना है, उसी तरह बच्चों को शिक्षा खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों मे मनोबल बढ़ाना उद्देश्य था।

कार्यक्रम की शुरुआत नारीशक्ति व सामाज के अग्रजनों और मुख्यातिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के करकमलों से भगवान कृष्ण चंद्र के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिकजनों को सर्वप्रथम नारीशक्ति के रूप में बिंदेश्वरी देवी, जनपद सदस्य कल्पना यादव ने अपने उद्बोधन में महिलाओं व बच्चों को सामाजिक राजनीतिक क्षेत्र में आगे बढ़ने और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिए। गरियाबंध जिले से पधारे केनूराम यादव प्रांताध्यक्ष मगधा यादव समाज ने समाजोउत्थान में अपना पक्ष रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा जिलाध्यक्ष अध्यक्ष विनोद यादव ने समाज के एकता और अखंडता पर अपनी बात रखी। यादव समाज को राजनीति के क्षेत्र में भी परचम लहराने, वर्तमान समय खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के लगातार दो बार विधायक के रूप चुनाव जितने पर यादव समाज की बड़ी भूमिका को बताई। मंच के माध्यम से छत्तीसगढ़ प्रदेश में गौसेवा आयोग पर पूर्ण रूप से यादव सामाज का हक और अधिकार हो यह छत्तीसगढ़ की मुख्यमंत्री से मांग की। इस संबंध में खल्लारी विधायक यादव से छत्तीसगढ़ के सभी यादव विधायक एक होकर मुख्यमंत्री और सदन में गौसेवा आयोग पर यादवों का पूर्ण अधिकार माँगने और पक्ष रखने के लिए आग्रह किया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने राधा कृष्ण के जयकारे के साथ अपने उद्बोधन की शुरुवात की। और खल्लारी विधानसभा में अपने अप्रत्याशित दूसरी बार जीत के लिए यादव सामाज का आभार जताते हुए कहा कि आज यादव समाज सिर्फ गाय चराने और पशुपालक के रूप में सीमित नहीं बल्कि यादव समाज आज सामाजिक आर्थिक राजनीतिक सहित सभी क्षेत्रों में अपना परचम लहराने की ओर अग्रसर है। यादव समाज को एकता और अखंडता बरकरार रखने की जरुरत है। क्योंकि, आने वाले समय में यादव समाज को राजनीति में भी बड़े अवसर मिलने की संभावना है। विधायक यादव ने समाज में युवा पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए उच्च शिक्षा पर जोर दिया। यादव समाज के विकास में नशापान को सबसे बड़े बाधक बताते हुए युवा पीढ़ी को नशापान से दूर रहने प्रेरित किया। अंत में समाज में अपना अमूल्य योगदान देने वाले, शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन करने वाले छोटे छोटे बच्चों का मंचीय कार्यक्रम मे पारितोषक देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अखिल अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ब्लॉक अध्यक्ष संतोष यादव ने किया। आभार प्रदर्शन हबला यादव ने किया। इस अवसर पर भैया राम यदु, ठंडा राम यादव, जीवन लाल यादव, द्वारिका प्रसाद, जगदीश यादव, सतीश यादव, मनता यादव, हबेलाल यादव, बलराम यादव, बजरंगी यादव, शरद राजहंस, श्याम यादव, ललित यादव, प्रदीप यादव,मनोज यादव, हरेकृष्ण यादव,पुष्कर यादव, नीलकंठ यादव, मेघनाथ यादव, सोहन यादव, केजू यादव, समलिया यादव,भनेश यादव, दुर्गेश यादव, दीपेंद्र यादव, राहुल यादव, सरायपाली ब्लॉक से पवन यादव, नरेंद्र कुमार यादव, हितेश यादव,व साथी गण, नारी शक्ति के रूप में कल्पना संतोष यादव जनपद सदस्य, बिंदेश्वरी यादव, कृति यादव, सुमित्रा यादव, लेखा यादव, शिला यादव, देवकी यादव, प्रेमलता यादव, कुसुमलता यादव, श्रवनी यादव आदि मौजूद रहे।

# प्राथमिक शाला सलिहाभांठा में केबीसी के तर्ज पर केबीजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- बच्चे ऑडियन्स पोल और फोन ऑफ फ्रेंड से मांगेंगे मदद, 11 जनवरी गुरुवार को होगा आयोजित

प्राथमिक शाला सलिहाभांठा, संकुल बनपचरी में 11 जनवरी को बच्चों द्वारा कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) की तर्ज पर कौन बनेगा ज्ञानवान-हमारे गांव की शान (केबीजी) खेला जाएगा। इस प्रश्नोत्तरी खेल में केबीसी की तरह प्रतिभागी बच्चे हॉटशीट पर बैठेंगे, जिसका चयन फास्टेस्ट फिंगर की मदद से होगा। इस खेल को केबीसी की तरह कंप्यूटर स्क्रीन पर खेला जाएगा। प्रश्नों का प्रारूप भी इसी तरह से तैयार किया गया है, जिसमें सामान्य ज्ञान स्तर अनुसार विषयों के प्रश्नों को शामिल किया गया है। इस खेल में 12 प्रश्न बच्चों से पूछे जाएंगे। इसमें अलग यह है कि बच्चों को सभी प्रश्नों के जवाब देने का अवसर दिया जाएगा। प्रत्येक बच्चों के लिए एक ही स्तर अनुसार अलग-अलग 12 सवाल पूछा जाएगा। उत्तर गलत आने पर भी आगे के प्रश्नों से खेल जारी रहेगा। केबीजी खेल बच्चों को प्रश्नों के उत्तर मालूम न होने पर ऑडियंस पोल, एक्सपर्ट व्यू और फोन ऑफ फ्रेंड्स की मदद से उत्तर देने में सहायता ले सकते हैं। सबसे ज्यादा और कम समय में उत्तर देने वाले प्रतिभागी बच्चे को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान घोषित करते हुए युवा सदस्य अभिषेक दीवान की ओर से पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।



### कौंदकेरा में लगा एनएसएस शिविर

**महासमुंद।** श्याम बालाजी महाविद्यालय द्वारा ग्राम पंचायत कौंदकेरा में 6 से 12 जनवरी तक सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन महाविद्यालय के निर्देशक हेमंत चंद्राकर, सचिव तारा चंद्राकर, प्रचार्या अंकिता चंद्राकर व मुख्य अतिथि सरपंच अन्नू लेखराम चंद्राकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम अधिकारी निर्मल बंजारे ने बताया कि कैंप में आए हुए शिविरार्थियों को 4 ग्रुप में बांटा गया। शिविर नायक में प्रवीण साहू, शिविर नायिका ईशा पटेल, व विश्वविजेता ग्रुप के दल नायक मनीष प्रधान, आनंदम ग्रुप के दल नायक आशीष साहू, वीर शिवाजी ग्रुप के दल नायक हंसराज रात्रे, राधाकृष्ण ग्रुप के दल नायक टेकेश्वर प्रसाद व ग्रुप नायिका-जयश्री चंद्रा, माया दीवान, अल्का पुरोहित, सातो ध्रुव को बनाया गया।

Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है, मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।

राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 7,500/-
रायपुर, बिलासपुर से होकर स्पेशल ट्रेन 04 मार्च से 09 मार्च 2024 तक
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, माँ कामाख्या देवी, श्री जगन्नाथ पुरी
राशि : स्लीपर 12,500/-, 3 एसी-19,500/-, 2 एसी 25,500/-
ऑफर राशि : स्लीपर 7,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 20,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:- 7247-411411

विनोद मेडिकल, विठोवा टाकीज चौक, महासमुंद में 10 जनवरी, बुधवार
नि:शुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर
प्रत्येक मरीज 1500 रु. की जांच नि:शुल्क
- ECG (हार्ट की जांच) • BMI (हड्डी की जांच)
- पाईल्स, भगंदर, फिशर की जांच मशीन द्वारा
- नसों की सिकाई (Ultrasound मशीन द्वारा)
- ब्लड की जांच नि:शुल्क - थॉयराइड, हीमोग्लोबिन, शुगर, कोलेट्रॉल, कैल्शियम, गठियावात की जांच लाल पैथालॉजी लैब से।
जर्मन दवाईयों पर 20% छूट
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी. (होम्योपैथी मेडिसीन) (अनुभव 10 वर्ष) | डॉ. एस. चौरसिया एम. एस. (पाईल्स विशेषज्ञ)

परामर्श हेतु उपलब्ध-समय : सुबह 10 से 3 बजे तक
1. गठियावात एवं नसों में दर्द (Neuropathy) सायटिका, नस ब्लॉक L4-L5 नसों में दबाव के कारण दर्द, अकड़न, झुनझुनी, शून्यपन, ज्यादा चलने पर दर्द। घुटना दर्द - दर्द, सूजन, बैठकर उठने में दर्द, अकड़न, Liquid कम हो जाना, हड्डियों पर गैप कम होना।
2. मूत्र रोग- पेशाब पर जलन, दर्द, धार कमजोर, ताकत लगाना, झाग, बदबू, छाले (Penis), रात्रि पर पेशाब ज्यादा, पेशाब रोकने की क्षमता कम होना। प्रोस्ट्रेट UTI (PUS Cell), पेशाब नली की सिकुड़न, पथरी दवा द्वारा उपचार
3. पेट एवं गुदा रोग पेट पर जलन, गैस, भूख कम लगना, कब्ज। गुदा मार्ग पर जलन, दर्द, खून एवं मवाद आना। पाईल्स, भगन्दर, फिशर की क्षारसूत्र चिकित्सा।
शिविर में चयनित 5 लोगों को 50% छूट
स्थायी पता : मिरैकल्स क्लीनिक, नेताजी चौक, कटोरातालाब, रायपुर (छ.ग.)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन : 9630634468, 9406004581